**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या:5588**
**04अप्रैल, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं**

**† 5588. डॉ. सी. एम. रमेशः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के लिए 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी है;
(ख) यदि हां, तो इसकी कुल अनुमानित/स्वीकृत लागत का ब्यौरा क्या है;
(ग) आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में कितनी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी; और
(घ) उपरोक्त प्रयोगशालाओं के कब तक चालू होने की उम्मीद है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) कुछ केंद्रीय क्षेत्र घटकों (सीएस) के साथ एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) है, जिसका योजना अवधि (2021-22 से 2025-26 तक) के लिए परिव्यय 64,180 करोड़ रुपये है।

योजना के सी.एस.एस. घटकों के अंतर्गत, देश में 730 जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (आईपीएचएल) जिसमें प्रत्येक जिले में एक ऐसी प्रयोगशाला होगी, की स्थापना के लिए योजना अवधि (2021-2026) के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता का प्रावधान है।

इस योजना के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश राज्य को पांच वर्षों (अर्थात वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 और 2025-26) के लिए 26 आईपीएचएल जिन्हें आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले सहित प्रत्येक जिले में स्थापित किया जाएगा, की स्थापना/सुदृढ़ीकरण के लिए 41.32 करोड़ रुपये की राशि के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस योजना के तहत यह परिकल्पना की गई है कि राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में स्वीकृत सभी परियोजनाएं प्रचालन दिशानिर्देशों में उल्लिखित समय-सीमा के अनुसार योजना अवधि अर्थात 2025-26 तक पूरी की जाएंगी।

*****